रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 05/02/2026 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** निम्नलिखित में से किस संयोजन को समान वोल्टेज स्रोत से जोड़ने पर वह अधिक विद्युत शक्ति की खपत करेगा?

Ans
- ✔ A. निम्न प्रतिरोध
- ✗ B. शून्य प्रतिरोध
- ✗ C. समान प्रतिरोध
- ✗ D. उच्च प्रतिरोध

**Q.2** समजातीय श्रृंखला के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है?

Ans
- ✔ A. प्रत्येक उत्तरवर्ती सदस्य -CH2- समूह द्वारा भिन्न होता है।
- ✗ B. सभी सदस्यों के अलग-अलग क्रियात्मक समूह होते हैं।
- ✗ C. सभी सदस्यों का क्वथनांक समान होता है।
- ✗ D. सभी सदस्यों का अणुभार समान होता है।

**Q.3** जब एक लोहे की कील को कॉपर सल्फेट के घोल में रखा जाता है, तो क्या देखा जाता है?

Ans
- ✔ A. लोहा घुल जाता है और कील पर तांबा जमा हो जाता है।
- ✗ B. हाइड्रोजन गैस उत्पन्न होती है।
- ✗ C. कोई प्रतिक्रिया नहीं होती।
- ✗ D. तांबा घुल जाता है और कील पर लोहा जमा हो जाता है।

**Q.4** निम्नलिखित में से कौन-सा, चक्रीय हाइड्रोकार्बन का उदाहरण है?

Ans
- ✗ A. ब्यूटेन
- ✔ B. साइक्लोहेक्सेन
- ✗ C. मेथेन
- ✗ D. एथीन

**Q.5** फुफ्फुस के अंदर, वायु और रुधिर के बीच गैसों का तीव्र आदान-प्रदान होता है। इस प्रक्रिया में किस प्रकार का उपकला ऊतक सहायक होता है?

Ans
- ✔ A. एकस्तरी शल्की उपकला (Simple squamous epithelium)
- ✗ B. पक्ष्माभी स्तंभाकार उपकला (Ciliated columnar epithelium)
- ✗ C. स्तरीकृत शल्की उपकला (Stratified squamous epithelium)
- ✗ D. क्यूबॉइडल उपकला (Cuboidal epithelium)

**Q.6** औसत वेग के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

**Ans**
- ✗ A. इसे m/s में मापा जाता है।
- ✗ B. यह गति की दिशा पर निर्भर करता है।
- ✓ C. यह सदैव औसत चाल के समान होता है।
- ✗ D. यह कुल विस्थापन को कुल समय से विभाजित करने पर प्राप्त मान होता है।

**Q.7** निम्नलिखित में से क्या द्रव पदार्थों की विशेषता है?

**Ans**
- ✗ A. निश्चित आकार लेकिन परिवर्तनशील आयतन
- ✗ B. कोई निश्चित आकार या आयतन नहीं
- ✗ C. निश्चित आकार और आयतन
- ✓ D. कोई निश्चित आकार नहीं, लेकिन निश्चित आयतन

**Q.8** कीटों की कौन-सी गतिविधि सीधे तौर पर पौधों के पोषक तत्वों की हानि का कारण बनती है?

**Ans**
- ✗ A. पौधे पर अंडे देना
- ✗ B. केवल गिरी हुई पत्तियाँ खाना
- ✗ C. मिट्टी में छेद करना
- ✓ D. कोशिका रस चूसना

**Q.9** ब्रायोफिलम का कौन-सा भाग कायिक प्रवर्धन के लिए नए पादपकों को विकसित करता है?

**Ans**
- ✗ A. पुष्प
- ✗ B. जड़
- ✗ C. तना
- ✓ D. पर्ण कोर

**Q.10** यदि किसी पिंड का त्वरण आधा कर दिया जाए तथा द्रव्यमान स्थिर रहे, तो बल ________ ।

**Ans**
- ✗ A. शून्य हो जाएगा
- ✓ B. आधा रह जाएगा
- ✗ C. वही रहेगा
- ✗ D. दोगुना हो जाएगा

**Q.11** एक गेंद को विरामावस्था से गिराया जाता है। 20 m गिरने के बाद गेंद का वेग कितना होगा?
(g = 10 $m/s^2$ मानिए)

**Ans**
- ✓ A. 20.0 m/s
- ✗ B. 40.0 m/s
- ✗ C. 50.0 m/s
- ✗ D. 10.0 m/s

**Q.12** स्थितिज ऊर्जा के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

**Ans**
- ✗ A. यह वस्तु की गति पर निर्भर करती है।
- ✗ B. इसे ऊर्जा के अन्य रूपों में परिवर्तित नहीं किया जा सकता है।
- ✓ C. यह स्थिति या अवस्था के कारण संचित ऊर्जा है।
- ✗ D. यह केवल तभी विद्यमान होती है जब कोई वस्तु गतिमान हो।

**Q.13** चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं के बारे में कौन-सा कथन सही है?

**Ans**
- ✗ A. वे यादृच्छिक वक्र बनाती हैं।
- ✗ B. वे ध्रुवों पर प्रतिच्छेद कर सकती हैं।
- ✗ C. वे दक्षिणी ध्रुव से शुरू होती हैं।
- ✓ D. वे कभी भी एक दूसरे को प्रतिच्छेद नहीं करती हैं।

| Q.14 | निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, कोलॉइडी विलयन की एक विशेषता को संदर्भित करता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. यह एक समांगी मिश्रण है |
| | ✗ B. यह एक स्थिरक्वाथी (azeotrope) है |
| | ✔ C. यह एक विषमांगी मिश्रण है |
| | ✗ D. यह एक आदर्श विलयन है |

| Q.15 | निम्नलिखित में से कौन-सा समस्थानिकों के युग्म को निरूपित नहीं करता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ${}^{3}_{1}H$ & ${}^{2}_{1}H$ |
| | ✗ B. ${}^{35}_{17}Cl$ & ${}^{37}_{17}Cl$ |
| | ✗ C. ${}^{1}_{1}H$ & ${}^{2}_{1}H$ |
| | ✔ D. ${}^{35}_{17}Cl$ & ${}^{38}_{17}Cl$ |

Q.16 कॉलम A और कॉलम B में उल्लिखित का सही मिलान कीजिए।

| कॉलम A | कॉलम B |
|---|---|
| (p) बाह्य दल और दल | (i) जनन भाग |
| (q) पुंकेसर और स्त्रीकेसर | (ii) सहायक भाग |
| (r) वर्तिकाग्र (Stigma) | (iii) पुंकेसर |
| (s) पराग कण | (iv) स्त्रीकेसर |

| Ans | |
|---|---|
| | ✗ A. p – i, q – ii, r – iii, s - iv |
| | ✗ B. p – iv, q – iii, r – ii, s - i |
| | ✗ C. p – iii, q – i, r – iv, s - ii |
| | ✔ D. p – ii, q – i, r – iv, s - iii |

| Q.17 | अधिकांश कार्बन यौगिकों के पूर्ण दहन के दौरान बनने वाले प्राथमिक उत्पाद कौन-से हैं? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. कार्बन डाइऑक्साइड, जल, और ऊर्जा |
| | ✗ B. कज्जल और कार्बन डाइऑक्साइड |
| | ✗ C. कार्बन मोनोऑक्साइड और जल |
| | ✗ D. ऐल्कोहॉल और कार्बोक्सिलिक अम्ल |

| Q.18 | जब श्वेत प्रकाश अपने मानक अभिविन्यास में एक प्रिज्म से गुजरता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प स्क्रीन पर देखे गए रंगों के अनुक्रम को सही ढंग से दर्शाता है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. VIBGYOR |
| | ✗ B. BYVROIG |
| | ✗ C. GYORVIB |
| | ✗ D. ROYGBIV |

| Q.19 | निम्नलिखित में से कौन-सी उदासीनीकरण अभिक्रिया है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. $NaOH + HCl \rightarrow NaCl + H_2O$ |
| | ✗ B. $CaCO_3 \rightarrow CaO + CO_2$ |
| | ✗ C. $Zn + HCl \rightarrow ZnCl_2 + H_2$ |
| | ✗ D. $Fe + CuSO_4 \rightarrow FeSO_4 + Cu$ |

| Q.20 | एक स्पष्ट प्रतिध्वनि सुनने के लिए मूल ध्वनि और परावर्तित ध्वनि के बीच न्यूनतम समय अंतराल कितना होना चाहिए? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 0.1 s |
| | ✗ B. 1.0 s |
| | ✗ C. 0.01 s |
| | ✗ D. 0.2 s |

| Q.21 | लवकों (Plastids) को सूक्ष्मदर्शी से आसानी से देखा जा सकता है क्योंकि _______________ I |
|---|---|
| Ans | ✔ A. ये बड़े होते हैं और इनमें वर्णक होते हैं |
| | ✘ B. ये बहुत छोटे होते हैं |
| | ✘ C. ये रंगहीन होते हैं |
| | ✘ D. इनमें DNA होता है |

| Q.22 | एक वनस्पतिज्ञ किसी पादप के प्ररोहाग्र पर तीव्र वृद्धि का अवलोकन करता है। इस वृद्धि के लिए किस प्रकार का पादप ऊतक सर्वाधिक उत्तरदायी है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. शीर्षस्थ विभज्योतक |
| | ✘ B. पार्श्विक विभज्योतक |
| | ✘ C. स्थायी ऊतक |
| | ✘ D. अंतर्वेशी विभज्योतक |

| Q.23 | महिला प्रजनन प्रणाली के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. फैलोपियन ट्यूब अंडे को अंडाशय से गर्भाशय तक ले जाती है। |
| | ✘ B. एक लड़की यौवनावस्था में पहुंचने के बाद ही अण्डे का उत्पादन शुरू करती है। |
| | ✘ C. गर्भाशय ग्रीवा अंडाशय को गर्भाशय से जोड़ती है। |
| | ✘ D. गर्भाशय अण्डे उत्पन्न करता है जो योनि से होकर गुजरते हैं। |

| Q.24 | रबी की फसल किस ऋतु में काटी जाती है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. ग्रीष्म काल |
| | ✘ B. मानसून |
| | ✘ C. शरत ऋतु |
| | ✘ D. शीत काल |

| Q.25 | एक उत्तल लेंस 30 cm दूर रखी किसी वस्तु का प्रतिबिम्ब बनाता है। प्रतिबिम्ब दूसरी ओर 60 cm पर बनता है। आवर्धन ___________ है। |
|---|---|
| Ans | ✘ A. +2 |
| | ✔ B. –2 |
| | ✘ C. +1/2 |
| | ✘ D. –1/2 |

## Section : **Mathematics**

| Q.26 | कुणाल को ₹8,400 लागत वाली एक हुडी पर कितना मूल्य अंकित करना चाहिए, ताकि 20% और 25% की क्रमिक छूट देने के बाद उसे 25% का लाभ हो? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. ₹17,509 |
| | ✘ B. ₹17,648 |
| | ✘ C. ₹17,676 |
| | ✔ D. ₹17,500 |

| Q.27 | यदि $x^2 + 10x + 24$ और $x^2 + kx + 12$ का महत्तम समापवर्तक (HCF) $x + 6$ है, तो $k$ का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✘ A. $6$ |
| | ✔ B. $8$ |
| | ✘ C. $-8$ |
| | ✘ D. $-6$ |

| Q.28 | एक वस्तु के अंकित मूल्य पर 75% की छूट देने के बाद, इसे ₹69,356 में बेचा जाता है। इसका अंकित मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 2,77,431 |
| | ✗ B. 2,77,339 |
| | ✗ C. 2,77,594 |
| | ✓ D. 2,77,424 |

| Q.29 | सुमन, तारिक और नेहा ने क्रमशः 8 : 25 : 15 के अनुपात में धनराशि निवेश की। यदि वर्ष के अंत में उन्हें कुल ₹44,544 का लाभ अर्जित हुआ, तो सुमन और नेहा के हिस्सों का धनात्मक अंतर ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ₹6,497 |
| | ✓ B. ₹6,496 |
| | ✗ C. ₹6,498 |
| | ✗ D. ₹6,493 |

| Q.30 | P और Q मिलकर एक टंकी को 12 घंटे में पानी से भर सकते हैं। यदि P अकेले टंकी को 21 घंटे में पानी से भर सकता है, तो Q अकेले उसी टंकी का एक-चौथाई भाग कितने घंटे में पानी से भरेगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 14 |
| | ✓ B. 7 |
| | ✗ C. 8 |
| | ✗ D. 15 |

| Q.31 | दो रेलगाड़ियाँ, X और Y, समानांतर पटरियों पर एक-दूसरे की ओर चल रही हैं। रेलगाड़ी X की लंबाई 150 मीटर है और रेलगाड़ी Y की लंबाई 250 मीटर है। रेलगाड़ी X, 60 किमी/घंटा की चाल से चल रही है और रेलगाड़ी Y, 90 किमी/घंटा की चाल से चल रही है। रेलगाड़ी X को रेलगाड़ी Y को पार करने में कितना समय लगेगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 7.6 सेकंड |
| | ✓ B. 9.6 सेकंड |
| | ✗ C. 8.6 सेकंड |
| | ✗ D. 10.6 सेकंड |

| Q.32 | $3^5 \times 7^5 \div 21^3$ का मान ज्ञात करें। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 441 |
| | ✗ B. 541 |
| | ✗ C. 341 |
| | ✗ D. 21 |

| Q.33 | प्रेक्षणों 25, 92, 48, 17, 38, 93, 37, 90 और 73 का समांतर माध्य ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 67 |
| | ✗ B. 58 |
| | ✓ C. 57 |
| | ✗ D. 55 |

| Q.34 | ₹28,800 का कुल लाभ P, Q और R के बीच इस प्रकार वितरित किया जाना है कि P : Q = 17 : 5 और Q : R = 6 : 12 है। लाभ में Q का हिस्सा (₹ में) कितना है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 4,650 |
| | ✗ B. 4,600 |
| | ✓ C. 4,500 |
| | ✗ D. 4,400 |

| Q.35 | यदि $5^{x+1}=1$ है, तो x का मान कितना है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. -5 |
| | ✗ B. 1 |
| | ✗ C. 0 |
| | ✓ D. -1 |

| Q.36 | 8 फरवरी 2023 से 22 अप्रैल 2023 तक की अवधि के लिए ₹2,000 पर 7% की वार्षिक ब्याज दर से साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 26 |
| | ✗ B. 27 |
| | ✓ C. 28 |
| | ✗ D. 29 |

| Q.37 | दो संख्याओं का योगफल 86 है और उनका अंतर 12 है। दोनों संख्याओं का गुणनफल ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 1613 |
| | ✓ B. 1813 |
| | ✗ C. 1913 |
| | ✗ D. 1713 |

| Q.38 | किसी क्षेत्र में पंजीकृत मतदाताओं में से 86% ने मतदान में भाग लिया। यदि उस क्षेत्र में कुल पंजीकृत मतदाता 18,000 हैं, तो कितने मतदाताओं ने मतदान में भाग लिया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 18,000 मतदाता |
| | ✗ B. 15,080 मतदाता |
| | ✗ C. 15,490 मतदाता |
| | ✓ D. 15,480 मतदाता |

| Q.39 | एक क्रिकेटर का 12 पारियों में औसत 77 रन है। यदि वह 13वीं पारी में 266 रन बनाता है, तो उसके औसत स्कोर में कितने रन (निकटतम पूर्ण संख्या तक पूर्णांकित) की वृद्धि होगी? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 15 |
| | ✗ B. 19 |
| | ✗ C. 6 |
| | ✗ D. 9 |

| Q.40 | एक चुनाव में दो उम्मीदवार थे। एक उम्मीदवार को कुल वैध मतों में से 28% मत मिला और वह 13,200 मतों से हार गया। वैध मतों की कुल संख्या ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 60,000 |
| | ✗ B. 50,000 |
| | ✓ C. 30,000 |
| | ✗ D. 40,000 |

| Q.41 | एक टंकी के तल में एक छेद है जिससे पानी रिस रहा है। एक नल टंकी को 3 घंटे में भर सकता है और तल का छेद पूरी तरह से भरी हुई टंकी को 5 घंटे में खाली कर सकता है। यदि नल और छेद दोनों खुले हों, तो खाली टंकी को पूरी तरह भरने में कितना समय लगेगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 5.6 घंटे |
| | ✗ B. 8 घंटे |
| | ✗ C. 12.8 घंटे |
| | ✓ D. 7.5 घंटे |

| Q.42 | किसी परीक्षा में, B को 50 अंक प्राप्त हुए जबकि A को 75 अंक प्राप्त हुए, जोकि अधिकतम 115 अंकों में से थे। B के अंक A के अंकों के कितने प्रतिशत थे? (अपने उत्तर को दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित करें।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 150.24% |
| | ✗ B. 65.22% |
| | ✓ C. 66.67% |
| | ✗ D. 115.32% |

| Q.43 | एक रेस में, एक एथलीट पहले लैप में 390 m की दूरी 65 सेकंड में तय करता है। वह समान लंबाई के दूसरे लैप को 195 सेकंड में तय करता है। एथलीट की औसत चाल (m/sec में) कितनी है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 12 |
| | ✓ B. 3 |
| | ✗ C. 9 |
| | ✗ D. 1 |

| Q.44 | 368 से 376 के बीच कितनी अभाज्य संख्याएँ हैं? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 1 |
| | ✗ B. 0 |
| | ✗ C. 3 |
| | ✗ D. 2 |

| Q.45 | सारा की उम्र उसकी बहन एम्मा की उम्र के दोगुने से 5 वर्ष ज़्यादा है। अगर उनकी उम्र का योग 29 वर्ष है, तो सारा की उम्र कितनी है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 18 वर्ष |
| | ✓ B. 21 वर्ष |
| | ✗ C. 23 वर्ष |
| | ✗ D. 26 वर्ष |

| Q.46 | एक त्रिभुज की भुजाएँ 3 : 4 : 5 के अनुपात में हैं। एक वर्ग का परिमाप त्रिभुज के परिमाप के बराबर है। यदि उनके क्षेत्रफलों का अंतर 48 $cm^2$ है, तो त्रिभुज का परिमाप ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 52 cm |
| | ✓ B. 48 cm |
| | ✗ C. 56 cm |
| | ✗ D. 42 cm |

| Q.47 | A, B को 20% लाभ पर बेचता है, B, C को 25% हानि पर बेचता है, C, D को 40% लाभ पर बेचता है। D, ₹252 का भुगतान करता है। A ने मूल रूप से कितना भुगतान किया था? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. ₹200 |
| | ✗ B. ₹210 |
| | ✗ C. ₹175 |
| | ✗ D. ₹180 |

| Q.48 | एक धातु की बेलनाकार नली दोनों सिरों से खुली है। नली का बाहरी व्यास 12 cm और लंबाई 63 cm है। धातु की नली की मोटाई हर जगह 0.4 cm है। नली का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में) कितना है?<br>($\pi = \frac{22}{7}$, लीजिए) और उत्तर को 5 के निकटतम गुणज तक पूर्णांकित कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 4615 |
| | ✗ B. 4630 |
| | ✓ C. 4625 |
| | ✗ D. 4620 |

| Q.49 | चतुर्भुज PQRS में, ∠R और ∠S के समद्विभाजक बिंदु T (चतुर्भुज के भीतर) पर मिलते हैं और ∠STR = 33° है। यदि ∠P और ∠Q का अनुपात 3 : 8 है, तो ∠Q और ∠P की मापों में कितना अंतर है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 34° |
| | ✗ B. 26° |
| | ✗ C. 32° |
| | ✓ D. 30° |

| Q.50 | $\frac{3}{4}(\sin^2 3x - \tan^2 3x) + \frac{3}{4}(\cos^2 3x + \sec^2 3x)$ का मान ज्ञात कीजिए |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 1 |
| | ✗ B. 0.5 |
| | ✓ C. 1.5 |
| | ✗ D. 0.75 |

Section : **General Intelligence and Reasoning**

| Q.51 | निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)<br>(बाएं) 4 9 2 4 6 8 9 4 3 2 8 3 8 4 6 5 1 2 8 4 7 2 8 5 7 3 7 4 8 7 (दाएं)<br>ऐसे कितने 8 हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या और ठीक बाद एक विषम संख्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. तीन |
| | ✗ B. एक |
| | ✓ C. तीन से अधिक |
| | ✗ D. दो |

| Q.52 | निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना बाएं से दाएं की जानी है। (सभी संख्याएं केवल एक-अंकीय संख्याएं हैं।)<br>(बाएं) 1 7 6 2 9 4 3 8 5 2 6 3 7 8 9 2 5 1 4 7 6 3 2 9 5 4 1 8 (दाएं)<br>ऐसी कितनी विषम संख्याए हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या है तथा ठीक बाद एक विषम संख्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. एक |
| | ✗ B. दो |
| | ✗ C. चार |
| | ✓ D. तीन |

| Q.53 | सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G, एक पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।<br>C के बाईं ओर कोई नहीं बैठा है। C और A के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। G के दाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। B के बाईं ओर ठीक पड़ोस में E बैठा है। G का निकटतम पड़ोसी F नहीं है।<br>D के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 3 |
| | ✗ B. 4 |
| | ✓ C. 2 |
| | ✗ D. 1 |

| Q.54 | श्री अकाई बिंदु A से चलना शुरू करते हैं और पश्चिम की ओर 9 km चलते हैं। फिर वे बाएं मुड़ते हैं, 9 km चलते हैं, फिर बाएं मुड़ते हैं और 17 km चलते हैं। फिर वे बाएं मुड़ते हैं और 18 km चलते हैं। अंत में वे बाएं मुड़ते हैं, 8 km चलते हैं और बिंदु P पर रुकते हैं। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उन्हें कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न हों।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. उत्तर में 12 km |
| | ✓ B. दक्षिण में 9 km |
| | ✗ C. उत्तर में 9 km |
| | ✗ D. पूर्व में 12 km |

| Q.55 | निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>1 11 31 61 ? 151 |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 111 |
| | ✗ B. 121 |
| | ✓ C. 101 |
| | ✗ D. 91 |

| Q.56 | उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।<br><br>YCG−FJN<br>OSW−VZD |
|---|---|
| Ans | ✗ A. GKO−MRU |
| | ✗ B. GJM−MQU |
| | ✓ C. GKO−NRV |
| | ✗ D. GJM−NRV |

| Q.57 | यदि 'P' का अर्थ '×' है, 'Q' का अर्थ '÷' है, 'R' का अर्थ '-' है और 'S' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>14 P 4 S (16 Q 4) P 9 R (60 Q 6) P 7 S 20 = ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 36 |
| | ✗ B. 58 |
| | ✗ C. 65 |
| | ✓ D. 42 |

| Q.58 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से AZXT का संबंध XWUQ से है। उसी प्रकार, VUSO का संबंध SRPL से है। इसी तर्क का अनुसरण करते हुए, TSQM का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. QPNJ |
| | ✗ B. QOMJ |
| | ✗ C. QQMS |
| | ✗ D. QPMJ |

| Q.59 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा अक्षर-समूह युग्म है जो उस समूह से संबंधित नहीं है?<br><br>(नोट: असंगत युग्म व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✔ A. UX–XD |
| | ✘ B. SV–WZ |
| | ✘ C. DG–HK |
| | ✘ D. FI–JM |

| Q.60 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>CAR GYV KWZ OUD ? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. STG |
| | ✘ B. RSI |
| | ✘ C. TRG |
| | ✔ D. SSH |

| Q.61 | उस सेट का चयन करें जिसमें संख्याएँ उसी तरह से संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएँ हैं।<br><br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरणार्थ 13 को लीजिए - 13 पर की जाने वाली संक्रियाएं जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)<br><br>35 - 7 - 5<br>60 - 6 - 10 |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 12 - 4 - 2 |
| | ✘ B. 81 - 7 - 8 |
| | ✘ C. 40 - 5 - 9 |
| | ✔ D. 63 - 7 - 9 |

| Q.62 | छह डिब्बे, L, M, N, O, P और Q, ऊर्ध्वाधर रूप से एक के ऊपर एक रखे गए हैं। Q को सबसे ऊपर रखा गया है। N को P के ठीक नीचे रखा गया है। M को P के ठीक ऊपर रखा गया है। L को नीचे से दूसरे स्थान पर रखा गया है। किस डिब्बे को सबसे नीचे रखा गया है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. P |
| | ✔ B. O |
| | ✘ C. M |
| | ✘ D. N |

| Q.63 | यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>99 A 9 C 12 B 3 D 7 = ? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 35 |
| | ✔ B. 40 |
| | ✘ C. 50 |
| | ✘ D. 45 |

| Q.64 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>445 440 450 444 454 447 ? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 454 |
| | ✔ B. 457 |
| | ✘ C. 458 |
| | ✘ D. 456 |

| Q.65 | अदिति अपनी कक्षा में ऊपर से 8वें और नीचे से 25वें स्थान पर है। कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 30 |
| | ✓ B. 32 |
| | ✗ C. 31 |
| | ✗ D. 29 |

| Q.66 | A, B, C, D, E और F एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A, F के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। B, C के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। D, C के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। E, A के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। D के बाईं ओर से गिनने पर E और D के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. एक भी नहीं |
| | ✓ B. एक |
| | ✗ C. चार |
| | ✗ D. दो |

| Q.67 | निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?<br><br>XVX 49 AYA 41 DBD 33 GEG 25 ? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. JHJ 17 |
| | ✗ B. JII 17 |
| | ✗ C. JGI 16 |
| | ✗ D. JNS 16 |

| Q.68 | अरविंद बिंदु K से चलना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 10 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है; 8 km गाड़ी चलाता है; बाएं मुड़ता है और 4 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 4 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 6 km गाड़ी चलाता है। वह अंततः बाएँ मुड़ता है; 8 km गाड़ी चलाता है और बिंदु Y पर रुकता है। बिंदु K के सापेक्ष बिंदु Y कितनी दूर (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में है?<br><br>(जब तक निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पूर्व की ओर 8 km |
| | ✓ B. दक्षिण की ओर 4 km |
| | ✗ C. पश्चिम की ओर 4 km |
| | ✗ D. उत्तर की ओर 8 km |

| Q.69 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से RIVK का संबंध BSFU से है। इसी प्रकार, FWJY का संबंध PGTI है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, JANC का संबंध निम्नलिखित में से किससे है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. TKXM |
| | ✗ B. TMKI |
| | ✗ C. TMXD |
| | ✗ D. TXDE |

| Q.70 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>17 32 49 68 89 ? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 112 |
| | ✗ B. 109 |
| | ✗ C. 114 |
| | ✗ D. 111 |

| | |
|---|---|
| Q.71 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
| Ans | ✗ A. SWX |
| | ✓ B. ZEE |
| | ✗ C. HLM |
| | ✗ D. UYZ |

| | |
|---|---|
| Q.72 | निम्नलिखित संख्या शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।<br><br>(बाएं) 7 5 2 4 9 5 3 8 9 1 2 6 6 6 8 4 5 3 9 1 7 9 8 6 3 6 9 (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी सम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है और ठीक बाद एक सम संख्या है? |
| Ans | ✗ A. 5 |
| | ✗ B. 4 |
| | ✗ C. 2 |
| | ✓ D. 3 |

| | |
|---|---|
| Q.73 | निम्नलिखित संख्या शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br><br>(बाएं) 3 8 1 5 7 2 9 4 6 3 7 2 8 1 5 9 4 6 8 2 7 3 9 1 6 (दाएं)<br><br>ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक और ठीक बाद एक विषम अंक है? |
| Ans | ✗ A. चार |
| | ✓ B. तीन |
| | ✗ C. पांच |
| | ✗ D. दो |

| | |
|---|---|
| Q.74 | M, N, O, P, Q और R, एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हुए हैं। N और Q दोनों का निकटतम पड़ोसी P है। M, Q के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। M और N दोनों का निकटतम पड़ोसी R है। P के सापेक्ष Q की स्थिति क्या है? |
| Ans | ✗ A. दाईं ओर दूसरा |
| | ✗ B. बाईं ओर तीसरा |
| | ✓ C. दाईं ओर ठीक पड़ोस में |
| | ✗ D. बाईं ओर ठीक पड़ोस में |

| | |
|---|---|
| Q.75 | यदि 'P' का अर्थ '×' है, 'Q' का अर्थ '÷' है, 'R' का अर्थ '–' है और 'S' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>(9 Q 3) P 8 S (72 Q 12) P 7 R 15 P 3 = ? |
| Ans | ✗ A. 39 |
| | ✓ B. 21 |
| | ✗ C. 44 |
| | ✗ D. 12 |

| | |
|---|---|
| Q.76 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।<br><br>कथन:<br>कुछ घंटियाँ, बर्तन हैं।<br>सभी बर्तन, मशीनें हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I): कुछ घंटियाँ, मशीनें हैं।<br>(II): सभी मशीनें, बर्तन हैं। |
| Ans | ✔ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है |
| | ✗ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं |
| | ✗ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है |
| | ✗ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है |

| | |
|---|---|
| Q.77 | किसी निश्चित कूट भाषा में, ‘cute red flowers’ को ‘by gh cf’ और ‘nice red dress’ को ‘jk bt gh’ लिखा जाता है। उस भाषा में ‘red’ को किस प्रकार लिखा जाएगा? (सभी कूट दो-अक्षर वाले हैं।) |
| Ans | ✗ A. by |
| | ✗ B. cf |
| | ✗ C. jk |
| | ✔ D. gh |

| | |
|---|---|
| Q.78 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'what are those' को 'np tr sq' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'take those gifts' को 'hk my tr' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'those' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा? |
| Ans | ✗ A. hk |
| | ✗ B. my |
| | ✗ C. np |
| | ✔ D. tr |

| | |
|---|---|
| Q.79 | किसी निश्चित कूट भाषा में,<br>‘A ± B’ का अर्थ है कि ‘A, B की पत्नी है’,<br>‘A * B’ का अर्थ है कि ‘A, B की पुत्री है’,<br>‘A ₹ B’ का अर्थ है कि ‘A, B का पिता है’ और<br>‘A # B’ का अर्थ है कि ‘A, B का भाई है’।<br><br>यदि ‘D * R ± A ₹ C # O’ है, तो D का O से क्या संबंध है? |
| Ans | ✔ A. बहन |
| | ✗ B. माता |
| | ✗ C. पुत्री |
| | ✗ D. पत्नी |

| | |
|---|---|
| Q.80 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। आपको यह तय करना है कि कौन-से निष्कर्ष, दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।<br><br>कथन: सभी बर्तन, चटाई हैं। कुछ चटाई, टोपी हैं। सभी टोपी, बिल्लियाँ हैं।<br>निष्कर्ष I: सभी बिल्लियाँ, चटाई हैं।<br>निष्कर्ष II: कुछ बिल्लियाँ, बर्तन हैं। |
| Ans | ✗ A. निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं |
| | ✗ B. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है |
| | ✗ C. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है |
| | ✔ D. न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है |

Section : **General Awareness and Current Affairs**

| Q.81 | STAIRS यूथ नेशनल गेम्स का दूसरा संस्करण 19 मई, 2025 को शुरू हुआ। इस आयोजन की शुरुआत नई दिल्ली के किस स्टेडियम से हुई? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम |
| | ✗ B. इंदिरा गांधी एरीना |
| | ✗ C. त्यागराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स |
| | ✓ D. तालकटोरा स्टेडियम |

| Q.82 | किस लेखक/अनुवादक युगल ने, हार्ट लैंप (Heart Lamp) के लिए अंतर्राष्ट्रीय बुकर प्राइज, 2025 जीता? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. डेविड स्ज़ेले और किरण देसाई (David Szalay and Kiran Desai) |
| | ✗ B. किरण देसाई और डेविड मिलन (Kiran Desai and David Milon) |
| | ✗ C. मार्गरेट एटवुड और मार्गरेट किल्न (Margaret Atwood and Margaret Kiln) |
| | ✓ D. बानू मुश्ताक और दीपा भस्थी (Banu Mushtaq and Deepa Bhasthi) |

| Q.83 | 16-17 जून 2025 का 51वां G7 शिखर सम्मेलन कनाडा के किस स्थान पर आयोजित हुआ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. वैंकूवर, ब्रिटिश कोलंबिया |
| | ✓ B. कनानास्किस, अल्बर्टा |
| | ✗ C. मॉन्ट्रियल, क्यूबेक |
| | ✗ D. टोरंटो, ओंटारियो |

| Q.84 | विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस, 2025 के अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए खाद्य जागरूकता अभियान में निम्नलिखित में से किन पोषण संबंधी सरोकारों पर प्रकाश डाला जा रहा है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. उच्च फाइबर और कैल्शियम |
| | ✓ B. छिपी हुई शर्करा, वसा और तेल |
| | ✗ C. अतिरिक्त आयरन और प्रोटीन |
| | ✗ D. विटामिन C और जिंक की कमी |

| Q.85 | जून 2025 में भारतीय मध्यस्थता परिषद (ICA) द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के तीसरे संस्करण में किन देशों के बीच वाणिज्यिक विवादों में "हाइब्रिड विवाद समाधान मॉडल" पर बल दिया गया? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. भारत और ब्रिटेन |
| | ✗ B. भारत और ऑस्ट्रेलिया |
| | ✗ C. भारत और अमेरिका |
| | ✗ D. भारत और जापान |

| Q.86 | खेलो इंडिया बैनर के तहत आयोजित प्रथम बीच गेम्स (Beach Games) का आयोजन कहां किया गया था? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. गोवा |
| | ✗ B. पुडुचेरी |
| | ✓ C. दीव |
| | ✗ D. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह |

| Q.87 | जनवरी 2025 में, किस संगठन ने ट्रांजिट भुगतानों के लिए 'RuPay ऑन-द-गो (RuPay on-the-go)' लॉन्च करने हेतु चेन्नई के मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (MTC) के साथ साझेदारी की? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) |
| | ✗ B. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) |
| | ✗ C. भारतीय बैंक संघ (IBA) |
| | ✗ D. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) |

| Q.88 | जून 2025 में ताइवान एथलेटिक्स ओपन में किस भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी (javelin thrower) ने स्वर्ण पदक जीता? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. नीरज चोपड़ा |
| | ✗ B. किशोर कुमार |
| | ✓ C. रोहित यादव |
| | ✗ D. देविंदर सिंह कांग |

| Q.89 | नवंबर 2025 के अंत में, किस चक्रवाती तूफान के कारण भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) को उत्तरी तमिलनाडु, पुदुचेरी और दक्षिण आंध्र प्रदेश के आसपास के क्षेत्रों के लिए चेतावनी जारी करनी पड़ी, और यह लगभग 30 नवंबर 2025 को तट से टकराया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. चक्रवात सेन्यार (Cyclone Senyar) |
| | ✗ B. चक्रवात शाखती (Cyclone Shakhti) |
| | ✓ C. चक्रवात दित्वा (Cyclone Ditwah) |
| | ✗ D. चक्रवात मोंथा (Cyclone Montha) |

| Q.90 | 2025 NHL ड्राफ्ट से पहले, किस विलक्षण आइस-हॉकी प्रतिभा को चरित्र और एथलेटिक क्षमता पर विशिष्ट फोकस करते हुए ईजे मैकगायर उत्कृष्टता पुरस्कार (EJ McGuire Award of Excellence) से सम्मानित किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. मतवेई मिचकोव (Matvei Michkov) |
| | ✗ B. कॉनर बेडार्ड (Connor Bedard) |
| | ✓ C. माइकल मीसा (Michael Misa) |
| | ✗ D. इवान मिरोशनिचेंको (Ivan Miroshnichenko) |

| Q.91 | जून 2025 में राष्ट्रीय ग्रीन इंडिया मिशन (National Mission for Green India - GIM) के लिए जारी संशोधित रोडमैप में निम्नलिखित में से किस महत्वपूर्ण क्षेत्र में पारिस्थितिक पुनर्बहाली पर विशेष जोर दिया गया है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. मध्य भारतीय उच्च भूमि और सुंदरबन |
| | ✗ B. दक्कन का पठार और अंडमान द्वीपसमूह |
| | ✓ C. अरावली पर्वतमाला, पश्चिमी घाट, हिमालय, और मैंग्रोव |
| | ✗ D. थार मरुस्थल और पूर्वी घाट |

| Q.92 | माइक्रोफाइनेंस इंडस्ट्री नेटवर्क (MFIN) के निर्देशानुसार, जनवरी 2025 से प्रभावी, माइक्रोफाइनेंस ऋण के लिए अतिदेय (overdue) सीमा क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ₹5,000 |
| | ✗ B. ₹1,000 |
| | ✗ C. ₹2,000 |
| | ✓ D. ₹3,000 |

| Q.93 | 'जल शक्ति अभियान: कैच द रेन 2025' का छठा चरण निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य में शुरू किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. बिहार |
| | ✗ B. उत्तराखंड |
| | ✗ C. राजस्थान |
| | ✓ D. हरियाणा |

| Q.94 | केंद्रीय बजट 2025-26 में आगामी शैक्षणिक वर्ष यानी 2025-26 के लिए कितनी नई मेडिकल सीटों की घोषणा की गई? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 4000 |
| | ✓ B. 10000 |
| | ✗ C. 2000 |
| | ✗ D. 6000 |

| | |
|---|---|
| Q.95 | अक्टूबर 2025 में भारत में शुरू की गई राष्ट्रीय रेड लिस्ट मूल्यांकन पहल, IUCN वैश्विक मानकों के अनुरूप है और निम्नलिखित में से किस अंतर्राष्ट्रीय फ्रेमवर्क के तहत देश की प्रतिबद्धताओं का समर्थन करती है? |
| Ans | ✗ A. सेंडाई फ्रेमवर्क फॉर डिजास्टर रिस्क रिडक्शन |
| | ✓ B. कुनमिंग-मॉन्ट्रियल ग्लोबल बायोडायवर्सिटी फ्रेमवर्क |
| | ✗ C. रामसर कन्वेंशन ऑन वैटलेंड्स फ्रेमवर्क |
| | ✗ D. ग्रीनहाउस गैस (GHG) फ्रेमवर्क |

| | |
|---|---|
| Q.96 | मई 2025 में, RBI ने देश में भुगतान प्रणालियों को विनियमित और पर्यवेक्षण करने के लिए कितने सदस्यों का एक नया भुगतान नियामक बोर्ड पेश किया? |
| Ans | ✗ A. 10 |
| | ✗ B. 8 |
| | ✓ C. 6 |
| | ✗ D. 4 |

| | |
|---|---|
| Q.97 | वर्ष 2025 में भारत में सेना दिवस किस तारीख को मनाया जाएगा? |
| Ans | ✓ A. 15 जनवरी |
| | ✗ B. 20 जनवरी |
| | ✗ C. 23 जनवरी |
| | ✗ D. 13 जनवरी |

| | |
|---|---|
| Q.98 | मार्च 2025 में, पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) ने पर्यावरण (संरक्षण) द्वितीय संशोधन नियम, 2025 के तहत किस उद्योग के लिए उत्सर्जन मानकों को सख्त कर दिया? |
| Ans | ✓ A. कॉस्टिक सोडा (Caustic soda) |
| | ✗ B. डेरी (Dairy) |
| | ✗ C. सीमेंट (Cement) |
| | ✗ D. वस्त्र (Textile) |

| | |
|---|---|
| Q.99 | कपास, हल्दी और मक्का किसानों की सुरक्षा के लिए 2025 में किस राज्य में हेजिंग डेस्क की स्थापना की गई? |
| Ans | ✗ A. केरल |
| | ✗ B. पश्चिम बंगाल |
| | ✗ C. ओडिशा |
| | ✓ D. महाराष्ट्र |

| | |
|---|---|
| Q.100 | सितंबर 2025 में, किस संगठन द्वारा आयोजित इंडिया मेडटेक एक्सपो में उद्योग भागीदारों को नौ अग्रणी स्वास्थ्य प्रौद्योगिकियों का लाइसेंस प्रदान किया गया? |
| Ans | ✗ A. WHO |
| | ✗ B. ISRO |
| | ✗ C. नीति आयोग |
| | ✓ D. ICMR |

"